NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# M.E.S.-14

# शिक्षा का सामाजिक संदर्भ

## ( Societal Context of Education )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Manmeet Kaur*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 300/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

# *Content*

# शिक्षा का सामाजिक संदर्भ

## ( Societal Context of Education )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1

Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1

Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1

Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|


**शिक्षा और समाज : संप्रत्यय और परिप्रेक्ष्य**
**( Education and Society: Concepts and Perspective )**

1. शिक्षा और समाजीकरण ( Education and Socialization ) ........ 1
2. शिक्षा, सामाजिक संरचना, सामाजिक स्तरीकरण तथा सामाजिक गतिशीलता ........ 10
   ( Education, Social Structure, Social Stratification and Social Mobility )
3. सामाजिक परिवर्तन, विकास और शिक्षा ........ 22
   ( Social Change, Development and Education )

**शिक्षा के राजनैतिक तथा आर्थिक परिप्रेक्ष्य**
**( Political and Economic Perspectives of Education )**

4. शिक्षा का अर्थशास्त्र ( Economics of Education ) ........ 31
5. शिक्षा की राजनैतिक अर्थव्यवस्था ( Political Economy of Education ) ........ 40
6. शिक्षा नीति, निर्णय प्रक्रिया और शिक्षा का राजनैतिक परिप्रेक्ष्य ........ 50
   ( Education Policy, Decision Making and Political Perspective of Education )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

**विद्यालय का सामाजिक संदर्भ**
**( Societal Context of School )**


7. सामाजिक संस्था के रूप में विद्यालय ( School as a Social Organization ) ........ 59

8. सामाजिक-सांस्कृतिक प्रक्रिया के रूप में विद्यालयी शिक्षा ........ 67
( Schooling as a Socio-Cultural Process )

9. शैक्षिक सहयोगी के रूप में शिक्षक ( Teacher as an Educational Input ) ........ 74

10. शिक्षा व्यवसाय ( Teaching Profession ) ........ 82

11. शिक्षा में समुदाय की भागीदारी ( Community Participation in Education ) ........ 92


**ज्ञान तथा शिक्षा**
**( Knowledge and Education )**


12. ज्ञान का सामाजिक संगठन ( Social Organization of Knowledge ) ........ 100

13. विचारधारा और पाठ्यक्रम ( Ideology and Curriculum ) ........ 107

14. अनुदेशन के माध्यम ( Medium of Instruction ) ........ 114

15. जनसंचार माध्यम और शिक्षा (Mass Media and Education) ........ 119


**भारतीय शिक्षा में उभरते हुए मुद्दे**
**( Emerging Concerns in Indian Education )**


16. सामाजिक विविधता एवं शिक्षा ( Social Diversity and Education ) ........ 127

17. शिक्षा में समानता और विशिष्टता ( Equity and Excellence in Education ) ........ 135

18. शिक्षा के क्षेत्र में विकल्प (Alternatives in Education) ........ 149

19. शिक्षा के क्षेत्र में नवीन प्रवृत्तियाँ (Recent Trends in Indian Education) ........ 162

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## शिक्षा का सामाजिक सन्दर्भ

**( Societal Context of Education )**

M.E.S.-14

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम भारिता : 70%*

***नोट :*** *सभी प्रश्न* **अनिवार्य** *हैं। सभी प्रश्नों की भारिता समान है।*

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए–**

**सामाजिक विविधता के अर्थ एवं प्रकारों का वर्णन कीजिए। सामाजिक विविधता किस प्रकार शिक्षा को प्रभावित करती है, परिचर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-16, पृष्ठ-132, प्रश्न 1, पृष्ठ-128, 'सामाजिक विविधता के प्रकार', पृष्ठ-133, प्रश्न 3

**अथवा**

**वैकल्पिक शिक्षा की अवधारणा एवं आवश्यकता की व्याख्या कीजिए। इसके सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्यों की संक्षेप में परिचर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-18, पृष्ठ-149, 'शिक्षा के क्षेत्र में विकल्प : संप्रत्यय एवं अवधारणा', पृष्ठ-150, 'वैकल्पिक शिक्षा की आवश्यकता', पृष्ठ-154, 'वैकल्पिक शिक्षा परिप्रेक्ष्य'

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए–**

**स्वातन्त्र्योत्तर भारत में पाठ्यचर्या को आकार प्रदान करने वाली मुख्य विचारधाराओं की परिचर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-110, 'स्वातंत्र्योत्तर भारत में पाठ्यचर्या एवं सिद्धांतवाद'

**अथवा**

**सामाजिक स्तरीकरण के अर्थ एवं प्रकारों का वर्णन कीजिए। शिक्षा एवं सामाजिक स्तरीकरण के मध्य सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-11, 'सामाजिक स्तरीकरण', पृष्ठ-14, 'सामाजिक स्तरीकरण के प्रकार', पृष्ठ-15, 'शिक्षा तथा सामाजिक स्तरीकरण'

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**( क ) बच्चे के सामाजीकरण में परिवार और हमउम्र समूह ( पीयर ग्रुप ) की भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-7, प्रश्न 3 तथा पृष्ठ-6 'साथी या सहयोगी समूह'

**( ख ) शिक्षा की आन्तरिक कार्यक्षमता ( इन्टरनल एफीशिएंसी ) को शिक्षा की बाह्य कार्यक्षमता ( एक्सटरनल एफीशिएंसी ) से भिन्न कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-37, 'शिक्षा की आंतरिक एवं बाह्य क्षमता'

**( ग ) पूर्व-विद्यालय स्तर पर शिक्षण और प्रारम्भिक स्तर पर शिक्षण में भिन्नताओं और समरूपताओं का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–**पूर्व विद्यालय स्तर पर शिक्षण और प्रारंभिक स्तर पर शिक्षण में भिन्नता–

1. शिक्षा के प्रक्रम की इन स्थितियों में बहुत-सी समानताएं और विभिन्न बातें शामिल होती हैं, क्योंकि सभी बच्चों में विकास तथा ज्ञान प्राप्त करने की क्षमता भिन्न-भिन्न होती है

2. पूर्व प्राथमिक शिक्षा में शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व बच्चों की मनोवैज्ञानिक स्थिति को समझना होता है, जबकि छात्र पूर्व प्राथमिक अधिगम प्रक्रिया के पश्चात विद्यालय में प्रवेश करता है, जहां वह औपचारिक एवं सैद्धांतिक शिक्षा प्राप्त करता है

3. पूर्व बाल्यकाल में कोई शिक्षा प्रक्रम या विद्यालय व्यवस्था नहीं होती। इस अवस्था में बच्चे की सीखने की क्षमता प्राकृतिक होती है। प्राकृतिक क्षमता होने के कारण ही बालक अपने आसपास के

www.neerajbooks.com



वातावरण से स्वयं अंत:क्रिया करना प्रारंभ कर देता है। प्रारंभिक स्तर पर बच्चा पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकों की सहायता से पढ़ना आरंभ कर देता है।

**समानताएं**–शिक्षा के सभी स्तरों का उद्देश्य बच्चों में नैतिक तथा सामाजिक मूल्यों का विकास करना है। विद्यालय का सिद्धांत बच्चे के सर्वांगीण विकास तथा अधिगम संबंधी क्षमता के विकास के लिए सहायता प्रदान करता है। इस प्रकार विद्यालय का व्यवस्थित प्रारंभ बालकों की आंतरिक क्षमता को ध्यान में रखकर किया किया जाता है।

**इसे भी देखें–संदर्भ**–अध्याय 10, पृष्ठ 85-86, 'शिक्षा के विभिन्न स्तरों का ज्ञान'

**( घ ) सामाजिक एवं सांस्कृतिक पुनरुत्पादन में शिक्षा की भूमिका का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–अध्याय 8, पृष्ठ-70, 'सामाजिक और सांस्कृतिक पुनरुत्पादन'

**( ङ ) राष्ट्रीय स्तर पर नीतियाँ किस प्रकार सांस्थानिक स्तर पर शैक्षिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करती हैं, परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-6, पृष्ठ-53, 'राष्ट्रीय स्तर की नीतियां', 'संस्थागत स्तर पर नीति'

**( च ) शिक्षा में जनमाध्यम ( मास मीडिया ) की भूमिका की संक्षेप में परिचर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-15, पृष्ठ-119, 'जनसंचार तथा शिक्षा', पृष्ठ-128, प्रश्न 7, पृष्ठ-123 'कुछ निजी पहल'

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए–**

**समुदाय सहभागिता का क्या अर्थ है? समुदाय सहभागिता में निहित समस्याओं और मुद्दों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-11, पृष्ठ-93, 'सामुदायिक भागीदारी', पृष्ठ-96, 'समस्याएं तथा मुद्दे'

■■

NEERAJ
PUBLICATION
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# शिक्षा का सामाजिक संदर्भ
# ( SOCIETAL CONTEXT OF EDUCATION )

## शिक्षा और समाज : संप्रत्यय और परिप्रेक्ष्य
## ( Education and Society : Concepts and Perspective )

## शिक्षा और समाजीकरण
## ( Education and Socialization )

1

### परिचय

समाजीकरण का सम्बन्ध समाज, समुदाय एवं विशिष्ट सामाजिक समूहों से है। समाजीकरण के नियमों, मूल्यों एवं सिद्धांतों का अध्ययन मानव के सामाजिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। समाजीकरण की प्रक्रिया ही व्यक्ति को सामाजिक प्राणी बनाती है। समाजीकरण द्वारा ही मानव समाज को अनुकूल जीवन-यापन के लिए आधार मिलता है। इस अध्याय में समाजीकरण से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण सिद्धांतों, मूल्यों एवं पहलुओं का अध्ययन किया गया है। इसके अतिरिक्त समाजीकरण की विभिन्न संस्थाओं; जैसे परिवार, सहयोगी समूह, विद्यालय, जनसंचार माध्यमों आदि की भी चर्चा की गई है। इस अध्याय में शिक्षा एवं समाजीकरण का अध्ययन भी सम्मिलित किया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

### समाजीकरण का अर्थ एवं सम्प्रत्यय

नवजात शिशु, जीव विज्ञान की साधारण जैविक रचना है, जिसकी स्वयं के लिए एक पशु की भांति आवश्यकताएं हैं। जन्म के समय वह अपने अस्तित्व के प्रति अचेत होता है। सामाजिक व्यवहार के प्रति भी उसकी भूमिका नगण्य होती है। परन्तु जैसे-जैसे उसका विकास एवं अन्तर्क्रिया विभिन्न सामाजिक समूहों के साथ होती जाती है, वैसे-वैसे समाज के प्रति उसके व्यवहार में परिवर्तन होता जाता है। एक बालक में सामाजिक कार्यों को पूरा करने की क्षमता एक वयस्क से अधिक होती है। यही कारण है कि बालक सभी क्रियाओं को अधिक सक्षमता तथा सक्रियता से सीखता है। वास्तव में मनुष्य को ईश्वर की सर्वोत्तम रचना माना जाता है। मानव जाति ही समाज के विकास एवं नवीनीकरण का आधार है। एक बालक सर्वप्रथम अपने परिवार से अन्तर्क्रिया करके समाजीकरण के सामान्य मूल्यों एवं सिद्धांतों का अध्ययन करता है। धीरे-धीरे वह अन्य सहयोगी समूहों जैसे विद्यालय समूह, खेल समूह तथा अन्य छात्र समूहों के साथ अन्तर्सम्बन्ध स्थापित करता है। समाजीकरण की अध्ययन प्रक्रिया उसे योग्य एवं सक्षम सामाजिक प्राणी बनाती है। संक्षेप में समाज के मूल्यों एवं सिद्धांतों का अध्ययन ही समाजीकरण का सार है। इसके अतिरिक्त समाज में रहना व्यक्ति की आवश्यकता भी है। समाजीकरण की प्रक्रिया जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसका अध्ययन विभिन्न सामाजिक समूहों के साथ अन्तर्क्रिया एवं सम्बन्ध बनाकर किया जाता है।

समाजीकरण की मुख्य विशेषताएँ हैं–

1. समाजीकरण जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है।
2. समाजीकरण के सिद्धांतों का अध्ययन व्यक्ति को सामाजिक प्राणी बनाता है।
3. व्यक्ति का सक्षम एवं कुशल व्यक्तित्व समाजीकरण की अध्ययन प्रक्रिया का ही परिणाम है।
4. मनुष्य द्वारा की जाने वाली सभी प्रक्रियाएं समाज को प्रभावित करती हैं।
5. समाजीकरण की प्रक्रिया व्यक्ति को विभिन्न सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करती है।
6. व्यक्ति का आचरण एवं व्यवहार ही उसके सामाजिक जीवन का दर्पण है।
7. व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास कोई स्वभाविक प्रक्रिया नहीं है, अपितु विभिन्न सामाजिक समूहों के साथ उसकी अन्तर्क्रिया उसे सामाजिक प्राणी बनाती है। जिस प्रकार एक बालक को आरंभिक नैतिक मूल्य उसकी मां द्वारा प्रदान किये जाते हैं, उसी प्रकार एक व्यक्ति के व्यक्तित्व

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

का विकास विभिन्न सामाजिक समूहों के अन्तर्सम्बन्धों का परिणाम ही है।

8. समाजीकरण के मूल्यों एवं सिद्धांतों का अध्ययन मानव जाति को सन्तुलित एवं आनंदमय जीवनयापन करने के लिए आधार प्रदान करता है।

**समाजीकरण की अवस्थाएँ**–समाजीकरण की प्रक्रिया निरन्तर गतिशील रहती है। इस प्रक्रिया का आरंभ अचानक की नहीं हुआ है, अपितु यह प्रक्रिया विभिन्न सामाजिक समूहों की अन्तर्क्रियाओं का परिणाम मात्र है। समाजीकरण के मूल्यों एवं सिद्धांतों का अध्ययन एक ही समय में आरम्भ या स्थापित नहीं हुआ है और न ही समाजीकरण प्रक्रिया की कोई निश्चित समय अवधि है। समाजीकरण के लक्ष्यों या उद्देश्यों को निश्चित समय में प्राप्त नहीं किया जा सकता, बल्कि यह प्रक्रिया धीरे-धीरे व्यक्ति के व्यवहार में लचीलापन एवं परिवर्तन लाती है। समाजशास्त्रियों ने समाजीकरण की प्रक्रिया को चार अवस्थाओं में बाँटा है, जिनका वर्णन इस प्रकार है–

1. प्राथमिक या मौखिक अवस्था (Oral Stage)
2. द्वितीय अवस्था (Anal Stage)
3. तृतीय अवस्था (Oedipal Stage)
4. किशोरावस्था (Adolescence)

**प्राथमिक या मौखिक अवस्था**–यह अवस्था अनुकरण की अवस्था कही जा सकती है, क्योंकि इस अवस्था में बालक विभिन्न संकेतों के माध्यम से अपनी प्रतिक्रियाओं को व्यक्त करता है। इस अवस्था में बालक का कार्यक्षेत्र उसके परिवार तक सीमित रहता है। इसके अतिरिक्त अपनी माता से बालक की अन्तर्क्रिया अधिक होती है, इसलिए उसका अस्तित्व उसकी मां एवं उसके स्वयं तक सीमित रहता है। इस अवस्था में बालक अनुकरण एवं नकल के द्वारा ही अपनी प्रतिक्रियाओं को व्यक्त करना सीखता है।

**द्वितीय अवस्था**–द्वितीय अवस्था बालक के पहले वर्ष से लेकर तीन वर्ष तक रहती है। इस अवस्था में बालक विभिन्न अनुभव प्राप्त कर लेता है। बालक अपने परिवार से न केवल प्यार एवं सुरक्षा चाहता है बल्कि वह अपने से छोटों के साथ भी उसी प्रकार का स्नेह एवं प्रेम बांटता है। यह अवस्था बालक को क्रियाशील बनाने के लिए प्रेरित करती है। इसके अतिरिक्त बालक स्वयं को वातावरण के अनुकूल ढालने का भी प्रयास करता है। इस प्रकार बालक की अन्तर्क्रिया एवं सम्बन्ध स्थापित करने का क्षेत्र भी बढ़ जाता है।

**तृतीय अवस्था**–इस अवस्था की समय अवधि चार वर्ष से लेकर यौवनारंभ तक होती है। इस अवस्था में बालक अपने एवं अन्य सदस्यों के व्यवहार को समझने योग्य हो जाता है। यही कारण है कि बालक विभिन्न सामाजिक कार्यों में रुचि लेने लगता है।

**किशोरावस्था या चतुर्थ अवस्था**–इस अवस्था में बालक की सामाजिक कार्यों में भूमिका अधिक गहन एवं जटिल हो जाती है। इस अवस्था को तनावपूर्ण स्थिति भी कहा जाता है, क्योंकि इस दौरान बालक अपने सहयोगी समूहों को अपने परिवार के सदस्यों से अधिक महत्त्व देने लगता है। इस प्रकार यह अवस्था बालक के विकास एवं समायोजन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त इस अवस्था में बालक पूर्ण स्वतंत्रता चाहता है। अपनी स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए वह आक्रामक व्यवहार भी करता है। इसलिए इस अवस्था में बालक के व्यवहार को सही दिशा प्रदान के लिए करने अभिभावकों को सचेत रहना चाहिए। बालक के व्यवहार को सही दिशा प्रदान करने में लिए उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए जाने चाहिए, विशेषकर उसके साथ मित्र जैसा व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि किशोरावस्था समायोजन एवं सन्तुलन की अवस्था है। इस प्रकार किशोरावस्था के दौरान बालक पूर्ण सामाजिक व्यवहार करने एवं सामूहिक क्रियाओं में सक्रिय भूमिका निभाने के योग्य हो जाता है।

**समाजीकरण के प्रकार**

**प्राथमिक समाजीकरण**–प्राथमिक समाजीकरण का सम्बन्ध प्राथमिक समूहों, जैसे–आस-पड़ोस तथा परिवार आदि से होता है। समाजीकरण की प्राथमिक अवस्था में सदस्यों से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। ये समूह बालक के पूर्ण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु प्राथमिक समाजीकरण का क्षेत्र बालक की प्राथमिक आवश्यकताओं एवं निश्चित आयु तक सीमित है।

**द्वितीयक समाजीकरण**–द्वितीयक समाजीकरण का संबंध प्राथमिक समूहों से अन्य सामूहिक समूहों तक होता है। द्वितीयक समाजीकरण का क्षेत्र प्राथमिक समाजीकरण के क्षेत्र से विस्तृत एवं विशाल होता है। द्वितीयक समाजीकरण में अन्तर्क्रिया प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों रूप में हो सकती है। यद्यपि माता-पिता बालक के प्रथम शिक्षक होते हैं, परन्तु अध्यापक एवं अन्य समूहों को भी बालक के व्यक्तित्व के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। परिवार बालक को समाजीकरण के प्रथम सोपानों का अध्ययन करवाता है और विद्यालय बालक की समाजीकरण की द्वितीयक पाठशाला है। बालक के प्राथमिक समाजीकरण की अवस्था शैशवावस्था से लेकर बाल्यकाल तक रहती है। इस अवधि में बालक समाजीकरण के साधारण सिद्धांतों का अध्ययन करता है। द्वितीयक समाजीकरण का विकास उत्तर-बाल्यकाल से लेकर प्रौढ़ावस्था तक होता रहता है, क्योंकि समाजीकरण की प्रक्रिया जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है। समाजीकरण की प्रक्रिया में सहयोगी समूह एवं अन्य संस्थाएं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आधुनिक एवं वर्तमान समाज में प्रत्याशित समाजीकरण का अधिक प्रभाव है, जिसके परिणामस्वरूप समाज के अन्य समूह भी प्रत्याशित समाजीकरण से प्रभावित होते हैं। प्रत्येक व्यक्तिगत समूह अन्य समूहों के साथ प्रक्रिया करके नवीन मूल्यों का निर्माण करता है। इस प्रकार समाज में किसी स्थिर समाज का प्रभुत्व नहीं रहता। परन्तु किसी विशिष्ट समूह से अन्य समूहों की प्रक्रियाएं अवश्य प्रभावित होती हैं। उदाहरण के लिए यदि एक साधारण व्यक्ति के

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

पास अपार सम्पत्ति आ जाए, तो वह व्यक्ति अवश्य उच्च एवं अमीर लोगों की जीवन शैली का अनुसरण करने का प्रयास करेगा। उसकी वेशभूषा, भाषा, रीति-रिवाजों तथा व्यवहार में परिवर्तन अवश्य दृष्टिगोचार होगा, परन्तु किसी व्यक्ति में ये परिवर्तन सकारात्मक भी हो सकते हैं एवं नकारात्मक भी। इस प्रकार समाजीकरण की प्रक्रिया का व्यक्ति के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान होता है।

**शिक्षा और समाजीकरण**–शिक्षा समाजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला महत्त्वपूर्ण कारक है, क्योंकि शिक्षा ही व्यक्ति को समाजीकरण के प्राथमिक क्षेत्रों एवं सिद्धांतों से अवगत कराती है। इस प्रकार समाज का नवनिर्माण सम्भव हो पाता है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति का उत्तम विकास सम्भव होता है। इस प्रकार शिक्षा वह प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से समाज का नवीन स्वरूप मानव द्वारा स्वीकार किया जाता है। समाजीकरण के अन्तर्गत दो मुख्य विचार हैं–

1. शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है।
2. शिक्षा समाजीकरण की प्रक्रिया है।

1. शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है, इसके अंतर्गत निम्नलिखित तर्क शामिल हैं–

*(i)* समाज के मूल्य एवं सिद्धांत स्वयं निर्मित हो जाते हैं।
*(ii)* शिक्षा का समाज पर सकारात्मक प्रभाव होता है।
*(iii)* शिक्षा द्वारा परिवर्तन सम्भव है।
*(iv)* शिक्षा विद्यालय द्वारा प्रदान की जाती है। विद्यालय एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक संस्था है, जो बालक के व्यक्तित्व को पूर्ण रूप से प्रभावित करती है तथा उसके विकास में सक्रिय भूमिका निभाती है।
*(v)* शिक्षा के माध्यम से ही समाज का भविष्य सम्बन्धी स्वरूप निश्चित होता है।

2. शिक्षा समाजीकरण का परिणाम है–

*(i)* शिक्षा का विकास विभिन्न समूहों की अन्य क्रियाओं का परिणाम है।
*(ii)* समाजीकरण की प्रक्रियाएं बंधनों एवं सीमाओं से मुक्त होती हैं।
*(iii)* औपचारिक शिक्षा समाजीकरण का आधार है तथा समाज के नवनिर्माण में सहायक है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि शिक्षा तथा समाजीकरण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। शिक्षा और समाजीकरण अन्तर्सबंधित हैं, परन्तु कुछ क्रियाएं समाजीकरण के प्रक्रम में बाधक हैं, विशेषकर नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्ति। ऐसे व्यक्ति समाजीकरण के मूल्यों एवं सिद्धांतों का दोहन करते हैं।

## समाजीकरण के सिद्धांत

समाजीकरण से संबंधित विभिन्न समाजशास्त्रियों के सिद्धांतों का वर्णन इस प्रकार है–

**1. कूले का समाजीकरण का सिद्धांत, 1902**–कूले ने अपनी पुस्तक *'मानव प्रकृति तथा सामाजिक प्रक्रिया'* में यह स्पष्ट किया है कि एक व्यक्ति का व्यक्तित्व समाजीकरण तथा सामाजिक कार्यों से प्रभावित होता है। कूले का समाजीकरण का सिद्धांत अन्तर्दृष्टि सम्प्रत्यय पर आधारित है, जिसे "लुकिंग ग्लास" का सम्प्रत्यय भी कहा जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार प्राथमिक सामाजिक समूह एवं सामूहिक अन्तर्क्रियाएं व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

व्यक्ति के व्यक्तित्व का आधार उसकी सामूहिक क्रियाएं एवं समूह हैं। इस प्रकार व्यक्ति के अहं या स्वयं का आधार, आरम्भ तथा अंत समाज ही है। समाज की प्रक्रियाएं ही उसके जीवन को आधार प्रदान करती हैं।

कूले के सिद्धांत के तीन मुख्य पहलू इस प्रकार हैं–

1. हमारे व्यक्तित्व का दूसरों पर प्रभाव या अन्य व्यक्तियों द्वारा हमारे व्यवहार या आचरण की कल्पना।
2. हमारे व्यवहार तथा अभिवृत्ति के प्रति दूसरों का दृष्टिकोण।
3. प्रेरणाशक्ति एवं गौरव का अनुभव, यदि हमारे आचरण की प्रशंसा दूसरों द्वारा ही जाए।

कूले के मतानुसार एक व्यक्ति के विकास में सामाजिक अन्तर्क्रिया महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक बालक का अपने परिवार के सदस्यों के साथ व्यवहार तथा आचरण सदैव चेतन अवस्था में होता है, क्योंकि बालक अपने परिवार के सदस्यों के व्यवहार से परिचित होता है। परिवार के सदस्यों का आचरण ही बालक के व्यक्तित्व का आधार होता है। उदाहरण के लिए कुछ परिवारों में बेटियों को बेटों के समान दर्जा नहीं दिया जाता, जिसके कारण उन परिवारों की बेटियों में सदैव डर या भय देखा जा सकता है। इस प्रकार उन बालिकाओं के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास नहीं हो पाता, जब तक व्यक्ति या बालक सामूहिक प्रक्रियाओं में भाग नहीं लेता, उसका विकास सम्भव नहीं हो सकता। बालक की प्राथमिक पाठशाला उसका परिवार ही है। इसी आधार पर बालक के व्यवहार तथा व्यक्तित्व का निर्धारण होता है।

समाज, समुदाय तथा आस-पड़ोस भी बालक को समाजीकरण के सिद्धांतों एवं मूल्यों से अवगत कराते हैं। इन्हीं विभिन्न समूहों से प्रतिक्रिया करके बालक का पूर्ण विकास सम्भव हो पाता है। इसी आधार पर बालक में न्याय, दया तथा सहानुभूति जैसे नैतिक गुणों का विकास सम्भव होता है।

**2. मीड का समाजीकरण का सिद्धांत**–मीड का समाजीकरण का सिद्धांत दो मान्यताओं पर आधारित है–

1. जीवित रहने के लिए सामूहिक अन्तर्क्रिया एवं सम्बन्ध आवश्यक है।

2. विभिन्न सामूहिक एवं सामाजिक क्रियाएं व्यक्ति को आनंद एवं प्रेरणा प्रदान करती हैं। आनंद तथा प्रेरणा शक्ति ही व्यक्ति को विभिन्न सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करती है।

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

मीड के अनुसार व्यक्ति का मस्तिष्क, अहं या स्व जैसे पक्ष व्यक्ति को सामाजिक वातावरण में प्रक्रिया करने के लिए प्रेरणाशक्ति प्रदान करते हैं। मीड के अनुसार समाज, अहं तथा मस्तिष्क की क्षमता आदि अन्तर्सम्बन्धित हैं।

मीड का सिद्धांत मानव समाज की तर्कशीलता एवं चिंतन क्षमता पर केन्द्रित है। इसके विपरीत कूले का सिद्धांत मानव की कल्पनाशक्ति पर आधारित है। मीड के अनुसार व्यक्ति में सामाजिक कार्यों को पूरा करने की पूर्ण क्षमता एवं योग्यता होती है। मीड ने अपने सिद्धांत एवं मत को स्पष्ट करने के लिए प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं। मीड के अनुसार एक बालक में अधिगम की क्षमता वयस्क से अधिक होती है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे की अन्त:क्रिया अपने परिवार के सदस्यों से कम समय में ही आरम्भ हो जाती है। इस प्रकार धीरे-धीरे उसकी अन्त:क्रिया का क्षेत्र विस्तृत होता जाता है। उसे विभिन्न सामाजिक समूहों में भाग लेने के लिए प्रेरणा प्राप्त होती है तथा इसी प्रेरणा के द्वारा समाज में नवीन सिद्धांतों का जन्म होता है। इस प्रकार समाज की प्रक्रियाओं में नवीनता एवं क्रियाशीलता आती है। मीड के अनुसार जैसे बालक के मस्तिष्क का विकास होता जाता है, उसकी समाज के मूल्यों एवं सिद्धांतों को समझने की क्षमता भी बढ़ती जाती है। इस प्रकार समाजीकरण की प्रक्रिया चलती रहती है।

मीड के अनुसार स्व तथा अहं का विकास ही समाजीकरण का आधार है। स्व तथा अहं के द्वारा ही विभिन्न सामाजिक प्रक्रियाओं एवं सिद्धांतों का नवनिर्माण होता है। मीड के अनुसार इस प्रक्रम में भी कई औपचारिक एवं अनौपचारिक व्यवहार सम्मिलित होते हैं, जैसे एक व्यक्ति में जब स्वयं को प्रस्तुत या अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकस हो जाता है, तो वह दूसरों के प्रति भी अपने विचारों को स्पष्टत: व्यक्त करने में सक्षम हो जाता है। इस प्रकार एक साधारण बालक या व्यक्ति अपनी सभी सामाजिक प्रक्रियाओं का कुशल संचालक बन जाता है। मीड ने स्व या अहं के विकास की तीन अवस्थाओं का वर्णन किया है–

**प्राथमिक अवस्था**–प्राथमिक अवस्था में बालक की अन्तर्क्रि या अपने परिवार के सदस्यों तक सीमित रहती है। उसका परिवार ही उसकी सभी क्रियाओं का आधार क्षेत्र होता है। उसका स्वयं के प्रति दृष्टिकोण उसके परिवार की सामाजिक प्रक्रियाओं तक सीमित होता है अर्थात समाजीकरण या स्वयं को व्यक्त करने की यह अवस्था कम समय की होती है।

**द्वितीयक अवस्था**–इस अवस्था को मीड ने क्रीड़ा स्थल का नाम दिया है। यह अवस्था जटिल एवं परिपक्वता की अवस्था भी कहलाती है। इस अवस्था में बालक विभिन्न सामाजिक भूमिकाएं निभाने के लिए सक्षम हो जाता है। इस प्रकार द्वितीयक अवस्था में बालक समाजीकरण के क्षेत्र में प्राथमिक क्रियाएं करना आरम्भ करता है।

**तृतीय अवस्था**–तृतीय अवस्था में बालक समाज, समुदाय तथा अन्य सामाजिक समूहों के साथ सम्बन्ध बनाने में कुशल एवं योग्य हो जाता है। बालक के लिए समाजीकरण की यह अवस्था सतर्कता एवं गहनता से संबंधित होती है। इस अवस्था के दौरान बालक समाजीकरण के सिद्धांतों एवं मूल्यों से धीरे-धीरे अवगत होता चला जाता है।

मीड के अनुसार, व्यक्ति तथा समाज में गहरा सम्बन्ध होता है। व्यक्ति के द्वारा ही समाज में नवनिर्माण की प्रक्रिया आरम्भ होती है। व्यक्ति ही समाज का निर्माता है। समाज के द्वारा भी व्यक्ति को आनंदमय जीवन जीने के लिए आधार प्राप्त होता है। व्यक्ति विभिन्न सामाजिक समूहों का अध्ययन एवं सम्बन्ध स्थापित करके समाजीकरण में दक्षता एवं योग्यता प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार समाज में विचारों की हस्तांतरण प्रक्रिया आरम्भ होती है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास में सभी अन्त:क्रियाएं महत्त्वपूर्ण भूमिकाएं अदा करती हैं। विचारात्मक शक्ति का विकास व्यक्ति को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्रदान कराता है। इस प्रकार समाज व्यक्ति से एवं व्यक्ति समाज की प्रक्रियाओं से सदैव प्रभावित होता है। संक्षेप में, व्यक्ति एवं समाज में घनिष्ठ सम्बन्ध होता है।

**फ्रायड का समाजीकरण का मनोविश्लेषण सम्बन्धी सिद्धांत**–सिग्मन्ड फ्रायड के समाजीकरण के सिद्धांत के अनुसार व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास जीव विज्ञान, मनोविज्ञान एवं सामाजिक सुविधाओं की आंतरिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। फ्रायड के अनुसार व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के तीन मुख्य स्तर होते हैं–

1. प्रत्येक चेतन क्रिया का कारण अवचेतनता है।
2. साधारण तथा चेतन, अवचेतन के हाथों की कठपुतली है।
3. व्यक्ति के व्यक्तित्व की क्षमता उसकी बाल्यावस्था की सामाजिक गतिविधियां हैं।

फ्रायड के मनोविश्लेषित सिद्धांत के अनुसार व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास बाल्यावस्था से ही आरम्भ हो जाता है और आजीवन बालक या व्यक्ति नवीन सामाजिक मूल्यों एवं सिद्धांतों से अवगत होता रहता है। इस प्रकार सामाजिक मूल्यों एवं सिद्धांतों द्वारा उसके व्यक्तित्व में निखार होता चला जाता है। फ्रायड के अनुसार प्राथमिक समाजीकरण का आरम्भ बाल्यावस्था से ही होता है। फ्रायड ने मानव मस्तिष्क के तीन क्षेत्रों का वर्णन किया है–

1. चेतन अवस्था
2. पूर्ण चेतन अवस्था
3. अवचेतन अवस्था

इस सिद्धांत के अनुसार, चेतन अवस्था का सम्बन्ध व्यक्ति की वर्तमान घटनाओं से होता है, तभी उसे वे घटनाएं याद रहती हैं। पूर्व चेतन अवस्था का सम्बन्ध चेतन अवस्था में घटित घटनाओं के संग्रह से होता है। उदाहरण के लिए, संबद्ध मां शब्द बालक की चेतन अवस्था में निहित होता है परन्तु मां शब्द से संबंधी सभी विचार पूर्व-चेतन अवस्था में निहित होते हैं। बालक मां शब्द से संबंधित कई

Neeraj Publications
www.neerajbooks.com